# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री


3 बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों और व्यक्तियों पर कार्रवाई




## खबर संक्षेप

### सक्ती जिले के 12 स्कूलों में नवोदय विद्यालय परीक्षा आज

**मालखरौदा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के 12 स्कूलों में नवोदय परीक्षा कक्षा छठवीं क्लास में प्रवेश के लिए आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जांजगीर जिले में 16 स्कूलों में परीक्षा का आयोजन शनिवार 13 दिसंबर को रखा गया है। सभी परीक्षार्थियों से सुबह 11 से पहले परीक्षा केंद्रों में पहुंचने को कहा गया है। उक्त परीक्षा 13 दिसंबर को होगी इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### कलेक्टर ने प्रकाश टण्डन को किया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर प्रकाश टण्डन को जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए प्रकाश टण्डन पिता गुनाराम टण्डन निवासी बोरसी थाना पामगढ़ को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के संविदा पद पर आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### बच्चों को मिलेगा सम्मान 20 तक आवेदन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अदम्य साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रतिष्ठित "राज्य वीरता पुरस्कार" के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष या उस से कम होना अनिवार्य है तथा घटना या वीरता की अवधि 1 जनवरी से 31 दिसंबर के बीच की होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर तक जिला महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती में जमा कर सकते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक छत्तीसगढ़ का निवासी होना चाहिए। यह पुरस्कार किसी भी बालक या बालिका को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। पुरस्कार हेतु आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी के माध्यम से या सीधे जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को किया जा सकता है।

# लाइवलीहुड व जीएनएम संस्था भवन में संचालित होगा जिले का मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

### नोडल अधिकारी व कलेक्टर के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया स्थल निरीक्षण





जिले में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का संचालन जिला अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम संस्था भवन और लाइवलीहुड कॉलेज में अस्थायी रूप से होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इसी कड़ी में शासन द्वारा नियुक्त नए मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी और कलेक्टर के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि जिले में प्रस्तावित नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के अस्थायी संचालन की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार 12 दिसंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने लाइवलीहुड कॉलेज तथा जिला अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम संस्था भवन का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों व मेडिकल टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, डॉ. राकेश नहरेल, प्राध्यापक, शिशु रोग, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर एवं नोडल अधिकारी, नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के.मरकाम, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.एस.कुजूर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि स्थायी भवन निर्माण पूर्ण होने तक मेडिकल कॉलेज का संचालन अस्थायी रूप से लाइवलीहुड कॉलेज एवं जिला अस्पताल परिसर में किया जाएगा। लाइवलीहुड कॉलेज में मेडिकल विद्यार्थियों की कक्षाएँ संचालित होंगी। विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था जिला अस्पताल के जीएनएम भवन में होगी। उन्होंने कॉलेज परिसर में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, कौशल विकास लैब तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण की समुचित तैयार करने के संबंध में निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज का भवन कुटरा में बनना प्रस्तावित है। इस दौरान कॉलेज के अस्थायी संचालन के लिए जिला अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम भवन और लाइवलीहुड कॉलेज बिल्डिंग को चयनित किया गया है।

### हटाए गए प्लेसमेंट कर्मचारी, प्राइम वन के अफसरों पर गंभीर आरोप

# सरकारी शराब दुकान में साढ़े 3 लाख का गबन, कंपनी की कार्यशैली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




पामगढ़ के सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में साढ़े 3 लाख रुपए का गबन का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि निरीक्षण के दौरान माल कम मिलने पर यह मामला उजागर हुआ। इसके बाद कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गबन की राशि जमा कर दी, लेकिन उन्होंने इसके लिए प्लेसमेंट कंपनी के अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए वसूली का आरोप लगाया है। मामले की जांच के लिए विभाग द्वारा टीम भी गठित की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक मुख्यालय पामगढ़ में संचालित विदेशी मदिरा दुकान में विगत दिवस आबकारी विभाग के अधिकारियों ने स्टाक निरीक्षण किया। मिलान के दौरान वहां बिक्री और उपलब्ध माल में भारी अंतर मिला। जांच करने पर तकरीबन 3 लाख 51 हजार 510 रुपए का गबन होना पाया गया। इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वहां पदस्थ मुख्य विक्रेता, विक्रयकर्ता और मल्टीपरपज वर्कर से पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। बताया जाता है कि इस दौरान सहमे प्लेसमेंट कर्मचारी ने गबन की उक्त राशि तो किसी तरह जमा कर दी लेकिन इसके बाद उन्होंने जो बात बताई, उसने प्राइम वन कंपनी के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए है। सरकारी शराब दुकान में पदस्थ मुख्य विक्रेता और विक्रयकर्ताओं ने प्लेसमेंट कंपनी के अधिकारियों पर वसूली का आरोप लगाते हुए तकरीबन साढ़े 3 लाख रुपए की शराब बिक्री के रकम को उन्ही को देने की बात कही। बताया जाता है कि इसको लेकर उन्होंने मोबाइल के स्क्रीन शॉट भी दिखाए। इधर इस तरह का मामला सामने आने के बाद विभाग द्वारा शराब दुकान में कार्यरत मुख्य विक्रेता हरीराम कश्यप के साथ विकास कश्यप, शंकर गिरी, रोशन कुर्रे और मल्टीपरपज वर्कर दिनेश कुमार सिदार को सेवा से पृथक करने के आदेश दिए है। दूसरी ओर मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। 3 लाख 51 हजार 510 रुपए का गबन होना पाया गया। इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वहां पदस्थ मुख्य विक्रेता, विक्रयकर्ता और मल्टीपरपज वर्कर से पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।जांच टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कुमार नायक और आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिदार को शामिल किया गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी लेकिन सरकारी शराब दुकान में साढ़े 3 लाख से अधिक के गबन और इसको लेकर प्लेसमेंट कंपनी के अधिकारियों पर लगे वसूली के आरोप ने कंपनी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए है।

### कंपनी का गैर जिम्मेदाराना रवैया

सरकारी शराब दुकान में साढ़े 3 लाख से अधिक का गबन और प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा प्राइम वन कंपनी के अधिकारियों पर लगाए गए वसूली के आरोप के इस गंभीर मामले में भी कंपनी के अधिकारी पूरी तरह से गैर जिम्मेदार नजर आए। इतने बडे मामले में कंपनी का पक्ष जानने प्राइम वन के अधिकारी के मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कंपनी के अधिकारी आबकारी विभाग के आफिस में अपना पक्ष रखने पहुंचे थे, लेकिन मीडिया से बचते रहे। ऐसी स्थिति में कंपनी के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।

### टीम करेगी जांच

पामगढ़ के शराब दुकान में साढ़े 3 लाख रुपए गबन का मामला सामने आया है। स्टाक और बिक्री रकम में अंतर मिला था। विक्रेता और वहां के कर्मचारियों ने गबन की राशि जमा कर दी है। उन्होने प्लेसमेंट कंपनी के अधिकारी पर जो आरोप लगाए है। वह जांच का विषय है। पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है।

-नीलिमा डिग्रस्कर
सहायक आयुक्त, आबकारी

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

### पामगढ़ क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा इंसेट में मृतक।

ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार 12 दिसंबर सुबह 10 बजे की है। पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली निवासी विनोद जांगड़े पिता दुकालू राम जांगड़े उम्र 34 वर्ष अपने घरेलू काम से शिवरीनारायण की ओर जा रहा था। वह अभी शिवरीनारायण बिलासपुर मुख्य मार्ग के पामगढ़ के पास से पहुंचा था। इस दौरान ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवारी युवक को अपनी चपेट में ले लिया घटना इतनी जबरदस्त थी कि युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके सर से खून बहने लगा। जिसके चलते युवक विनोद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। साथ ही वाहन चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पामगढ़ पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर युवक के घर वालों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिजन भी घटनास्थल पहुंचे इस बीच ट्रक मालिक एवं प्रशासन द्वारा तात्कालिक सहायता राशि करीब 1 लाख 25 हजार रुपए प्रदान की गई। इसके बाद मृतक विनोद के सौ का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ भेजा गया, जहां पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दी गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वही वाहन चालक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। जांजगीर चांपा जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। दिसंबर महीने के ही 12 दिनों के भीतर सड़क हादसों में 7 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों को ताक मे रखकर वाहन का परिचालन कर रहे है। हालांकि पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने की सख्त हिदायत दी जाती है। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों का पालन नहीं करते है। जिसके चलते सडक हादसे हो रहे है।

### मासूम के सर से उठा पिता का साया

ग्राम डूमरपाली निवासी विनोद जांगड़े की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद उसके एक वर्षीय मासूम लड़के के सर से पिता का साया उठ गया है । बताया जा रहा है कि विनोद की शादी करीब 3 साल पहले हुई है वही उसका एक साल का पुत्र भी है जिसका जन्मदिन भी 27 नवंबर को मनाया गया है। बताया गया कि मृतक विनोद जांगडे गांव में खेती किसानी का काम करता था। वह किसी काम से शिवरीनारायण जा रहा था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल भी कर रही है।

# ओआईसी ने जैजैपुर सीएचसी में व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर का स्वास्थ्य विभाग के ओआईसी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में स्वास्थ्य विभाग के ओ.आई.सी. हेल्थ प्रीतेश सिंह राजपूत द्वारा शुक्रवार 12 दिसंबर को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी संचालन, इमरजेंसी सेवाएं, प्रसूति कक्ष , टीबी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, दवा भंडार, लैब सेवाएं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का गहन एवं बारीकी से परीक्षण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र भवन की समग्र स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं मरीजों को प्रदत्त सुविधाओं का अवलोकन किया गया। ओ.आई.सी. द्वारा मरीज पर्चियों के आधार पर दस्तावेजों का मिलान, रजिस्टर संधारण, रिपोर्टिंग एवं रिकॉर्ड प्रबंधन की विस्तार से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को सुधारने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### पामगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** ग्राम पनगांव में जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक व एएसपी के निर्देशन मे जिले में जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम पनगांव बंधवा तालाब के नीचे रामप्रसाद साहू, शिवराम साहू, संतोष दास, विरेन्द्र कुमार रत्नाकर, घनश्याम वैष्णव, सीताराम साहू को पकड़ा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ, रामलाल मार्कण्डे, राघवेन्द्र चंद्रशेखर कैवर्त सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# संयुक्त टीम ने 120 क्विंटल धान की बनाई जब्ती, वाहन को सौंपा थाने में




**मालखरौदा।** धान के अवैध परिवहन मामले में संयुक्त टीम ने 120 क्विंटल धान जब्त किया है। उक्त कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है।

कलेक्टर सक्ती के निर्देशानुसार खाद्य और मंडी विभाग के संयुक्त जांच दल खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह, खाद्य निरीक्षक अजित कुजूर, खाद्य निरीक्षक जीतेन्द्र दिनकर और मंडी सचिव प्रेम भारद्वाज, मंडी निरीक्षक ओम प्रकाश गोड़, मंडी उपनिरीक्षक मुकेश करून द्वारा 11 दिसंबर की रात्रि मे खिलेश्वर गबेल पिता मनीराम गबेल वाहन क्रमांक सीजी 11 एआर 9186 मे अवैध परिवहन करते हुए 300बोरी वजन 120 क्विंटल धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई और वाहन को पुलिस सुपुर्द किया गया।

### दोपहर 12 बजे के बाद देर शाम तक समिति में डटे रहे किसान

# डाउन सर्वर ने खड़ी की नई मुसीबत, धान बेचने के बाद नहीं मिल रही रिसीप्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कम्प्यूटर में सक्सेस नहीं हो रहा फिंगरप्रिंट

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को इस बार नित नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एग्रीस्टेक, आनलाइन टोकन के बाद किसी तरह समिति में तौल कराने के बाद बेचे गए धान का रिसीप्ट पाने में सर्वर रोडा अटकाने लगा है। शुक्रवार 12 दिसंबर को धान बेचने वाले किसान दोपहर 12 बजे से लेकर देर शाम तक रिसीप्ट पाने समिति में डटे रहे। इस दौरान सर्वर डाउन होने के कारण उनका फिंगर प्रिंट नहीं आ सका।

गौरतलब है कि धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने शासन द्वारा कई तरह के नियम बनाए गए है। इसी कड़ी में आनलाइन टोकन के साथ धान बेचने वाले किसानों का फिंगरप्रिंट लिया जाता है। बताया जाता है कि तौल होने के बाद जब तक किसान का फिंगरप्रिंट कप्यूटर के मानीटर में सक्सेसफूल नहीं बताता, तब तक बेचे गए धान की कम्प्यूटीकृत पावती किसान के नाम से जारी नहीं हो पाती। शुक्रवार 12 दिसंबर को धान बेचने वाले किसान जिले में इसी तरह फिंगरप्रिंट को लेकर परेशान होते रहे। धान उपार्जन केन्द्र मिस्दा में 20 किसानों ने 1 हजार क्विंटल धान की बिक्री की। बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे तक 4-5 किसानों का फिंगरप्रिट मिला हहुआ। इसके बाद सर्वर डाउन हो गया। ऐसे में 12 बजे के बाद फिंगरप्रिट मिलान को लेकर किसान और उपार्जन केन्द्र के ऑपरेटर हलाहान होते रहे। शाम के 7 बजे तक सर्वर डाउन डाउन रहा और तौल के बाद दर्जन भर से अधिक किसानों का फिंगरप्रिट नहीं आ पाया। बताया जाता है कि इसी तरह जिले के तुलसी, केरा, करनौद के अलावा नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा ब्लाक के उपार्जन केन्द्रों में भी सर्वर डाउन की समस्या रही। जिसके कारण धान बेचने वाले किसान देर शाम तक परेशान होते रहे।

### लेंगे जानकारी

किसानों को धान बेचने के दौरान सर्वर डाउन की समस्या आ रही है तो इस बात की जानकारी लेकर संबंधित खरीदी प्रभारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देशित किया जाएगा।

-अमित साहू,
जिला नोडल अधिकारी
सहकारी बैंक जांजगीर


## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## सेफ स्पेस का शुभारंभ, बच्चों को मिलेगा सुरक्षित माहौल



**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ युवोदय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनारी विकासखंड नवागढ़ में सरपंच देव नारायण सिदार ने यूनिसेफ और एग्रीकोन फाउंडेशन की युवोदय कार्यक्रम के सहयोग से बच्चों के लिए 'सेफ स्पेस' का शुभारंभ किया। यह पहल बच्चों को सुरक्षित, प्रोत्साहित करने वाला और सकारात्मक वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेफ स्पेस के माध्यम से पंचायत को बाल-मित्र ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। सेफ स्पेस में बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जीवन कौशल और बाल अधिकारों से संबंधित नियमित गतिविधियां कराई जाएंगी। साथ ही बच्चों को बाल हेल्पलाइन 1098 जैसी आवश्यक सहायता सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाया जाएगा। यह स्थान बच्चों को खुलकर अपनी भावनाएं और सुझाव व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम में यूनिसेफ जिला समन्वयक विनोद साहू, बलौदा व नवागढ़ विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र कश्यप, बनारी स्कूल से शिक्षक राहुल दिवाकर तथा युवोदय स्वयंसेवकों में प्रदीप राठौर, हेमपुष्पा, हंसराज, हिमाचल श्रीवास्तव, समीक्षा साव, स्नेहा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को बच्चों के हित में सराहनीय कदम बताते हुए पंचायत के प्रयासों की प्रशंसा की। समुदाय, पंचायत और युवोदय टीम के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई यह पहल गांव में बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता और सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में एक साथ चार युवाओं का चयन



**किरारी-अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम में अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत किरारी से अविनाश कश्यप, राजेश, अजितऔर कुंज राम श्याम का चयन हुआ है। एक साथ गांव में चार युवकों का छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में चयन होने से गांव के विभिन्न मोहल्लों में फटाका फोड़ एवं मिठाई बाट कर खुशिया मनाई। अविनाश कश्यप, राजेश, अजितऔर कुंज राम श्याम ने बताया कि वे भर्ती की तैयारी वकेंसी आने से पहले ही शुरू कर चुके थे, जिसका परिणाम उन्हें सफलता के रूप में मिला। उनकी इस सफलता पर किरारी सरपंच अशोक कश्यप ने कहा कि इन सभी ने अपनी मेहनत काबिलियत से सफलता पाई है। गांव से एक साथ चार लोगों का छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में चयन होना हमारे लिए गौरव की बात है। चारों चयनित अभ्यर्थीयों का 26 जनवरी को ग्राम पंचायत में सम्मानित किया जाएगा। युवकों के चयन पर ग्रामवासी कमल कश्यप, महेश्वर कश्यप, ईश्वर कश्यप, अर्जुन जगत, गौरी शंकर मरकाम धनराज सिंह, सत्यम साहू गोपेश्वर , सुनील , हरी कश्यप, शांति दास, पिंटू सहिस, सुमित कन्हैया, योगेश, सुखदेव, शिवम, संजू, सन्ति लाल, भगत,चन्द्रसेन, कान्हा,मनीष,सानु, सुभाष,संदीप, नरेश, यशवंत, आदर्श, रघुवर, जनपद सदस्य त्रिवेणी गणेश चौहान ने उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को दी गई प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा कार्यों की जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले भर में जन चौपाल एवं रात्रि चौपाल का आयोजन लगातार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन चौपालों में ग्रामीणों, प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों, स्व सहायता समूह को योजनाओं की प्रगति एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पुलिस बल रहा मौजूद

# जाटा में जब्त 39 किसानों की धान की फसल की हार्वेस्टर मशीन से हुई कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जाटा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर लगाए गए धान की फसल को जब्त कर हार्वेस्टर मशीन के माध्यम से कटाई कराई गई। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से अतिक्रमण करके खेती करने वाले जाटा गांव के 39 किसानों के धान की फ़सल को तहसीलदार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस बल की मौजूदगी में जब्त करने की कार्यवाही पखवाड़ेभर पहले किया था, जिसे स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस बल के सहयोग से हार्वेस्टर मशीन से कटाई कराई गईं। अब जब्त धान की नीलामी की तैयारी हो रहीं है। यहां पर इस प्रकार की कार्यवाही पिछले तीन साल से लगातार किया जा रहा है। फिर भी अतिक्रमणकारी लोगो को कार्यवाही का जरा सा भी खौफ नहीं है। वहीं शासकीय भूमि को हर हाल में छोड़ने को तैयार नहीं है। अब देखना यह होगा कि शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से कैसे मुक्त कराएंगे। गांव के स्थानापन्न सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन कश्यप ने बताया कि जाटा गांव के तथाकथित लोगों द्वारा शासकीय भूमि को अवैध रूप से अतिक्रमण करके खेती कर रहे हैं। पिछले तीन साल से लगातार सारागांव तहसील के तहसीलदार के द्वारा शासकीय भूमि पर लगाई जाने वाली धान की फ़सल की जब्ती कार्यवाही किया जा रहा है। फिर भी लोग शासकीय भूमि को नहीं छोड़ रहे हैं। इस बार भी मौके पर तहसीलदार अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि पर अवैध रूप से खेती कर रहे 39 किसानों की धान की फ़सल को जब्त करने की कार्यवाही स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के मौजूदगी में किया गया और धान की फ़सल को पंचायत सरपंच और कोटवार के सुपुर्द किया गया था और फ़सल जब्त की कार्यवाही की सूचना अतिक्रमणकरियों को कोटवार द्वारा मुनादी के माध्यम से दी गईं थीं, जिसे पुलिस बल के मदद से हार्वेस्टर मशीन से धान की खड़ी फ़सल की कटाई पंचायत प्रतिनिधियों ने कराई। अब शीघ्र ही तहसीलदार के उपस्थिति में जब्त धान की नीलामी होगी।



शासकीय भूमि में लगे फसल को हार्वेस्टर मशीन से हो रही कटाई एवं रखा गया धान।

**60 एकड़ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर हो रही खेती-** उल्लेखनीय है कि सारागांव तहसील अंतर्गत ग्राम जाटा में करीब 60 एकड़ शासकीय भूमि को अवैध रूप से अतिक्रमण करके खेती कर रहे हैं। अतिक्रमणकरियों को क़ानून का जरा सी खौफ़ नहीं है। प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं होने से अतिक्रमणकरियों के हौसला बुलंद है, जबकि न्यायालय तहसीलदार के बार बार नोटिस और आदेश का उलंघन करने वाले चाहें कोई भी हों। उन्हें न्यायलय के आदेश का उलंघन करने के आरोप में सम्बंधित पुलिस थाने में बाकायदा एफ आई आर दर्ज कर जेल भेजने का सीधा-सीधा प्रावधान है, लेकिन यहां पर अतिक्रमणकरियों के विरुद्ध इस तरह की कड़ी कार्यवाही नहीं किया जाना समझ से परे हैं।



शिक्षकों के हित में सदन में आवाज उठाने विधायक को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

## शिक्षकों की मोदी गारंटी के तहत किए गए सभी वादे पूरे करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के 90 विधानसभा के विधायकों को मोदी गारंटी पूरी करने के लिए ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

इसी के तहत शुक्रवार 12 दिसंबर को विकासखंड बलौदा में अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह को ज्ञापन सौपा गया तथा उनसे निवेदन किया गया कि शिक्षकों के हित में आवाज़ उठाएं। उन्होंने सभी शिक्षकों को आस्वस्त किया कि बजट सत्र में उनके हक की आवाज जरुर उठाएंगे और सरकार से निवेदन भी करेंगे कि मोदी गारंटी के तहत किए गए सभी वादे तत्काल पूरा करें खासकर शिक्षकों की मांगों को तुरंत ही पूरी करें। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष रामस्वरूप साहू ने बताया कि शिक्षकों पर अत्याचार हर सरकार करती है मगर अब हम सशक्त नेतृत्व के साथ हैं और इस बार अपनी हक लेकर रहेंगे। मोदी की गारंटी सरकार को पूरी करनी पड़ेगी और इसके लिए हर शिक्षक तैयार है शीघ्र ही हम ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में दिलीप लहरे प्रदेश मीडिया प्रभारी, राजेंद्र राठौर ब्लॉक संयोजक ,सुशील अनंत कार्यकारी अध्यक्ष, अमरनाथ निर्मलकर, नटराज साहू, तोसराम श्रीवास, मनीष सिंह चंदेल, सन्नी राठौर, हेमचरण कंवर, रामलाल कोशले, हेमंत कुमार, लाल जी साहू , कमलेश देवांगन, राजीव असाटी, देव सिंह कंवर एवं आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## दो दिवसीय जन-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सक्ती।** विश्वभर में 4 लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी, गिनीज़ बुक और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित डेंजरस एडवेंचर्स स्पोर्ट्स लॉन्गेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट टीम सक्ती पहुंची। टीम के प्रमुख सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, महेन्द्र प्रताप एवं गोविन्दा नन्द छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में विश्वशांति विश्वपदयात्रा व रथयात्रा के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसके तहत उनके द्वारा जिले में स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संगोष्ठी, संवाद कार्यक्रम, रथयात्रा एवं जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। टीम का उद्देश्य पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को सरकारी योजनाओं और जन-जागरण के संदेश से जोड़ना है। विश्वशांति और सामाजिक जागरूकता के इस ऐतिहासिक अभियान में सक्ती जिला भी अपनी भागीदारी निभा रहा है। टीम द्वारा अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख 52 हजार किलोमीटर की पदयात्रा की जा चुकी है।

## धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

किसानों को सोसाइटी में धान बेचने एवं बैंक से रकम प्राप्त करने में हो रही परेशानियों को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के द्वारा जांजगीर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सहित जांजगीर चांपा जिले के प्रत्येक सोसाइटी में किसानों को टोकन कटवाने में,धान को बेचने में एवं बैंक से रकम प्राप्त करने में परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। शान द्वारा किसानों से प्रतीकात्ती 40 किलो 700 ग्राम की दर से धान खरीदी किया जाना तय हुआ है लेकिन अधिकांश सोसाइटी में किसानों से 41 किलो 500 ग्राम तो एवं कहीं-कहीं 42 किलो तक धान लिया जा रहा है जो किसानों के धान की स्पष्ट रूप से चोरी है। धरना प्रदर्शन को महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल, जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद आम आदमी पार्टी के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप लोकसभा अध्यक्ष परमेश्वर सांडे लोकसभा सचिव राजेशपुरी गोस्वामी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एसआईआर को लेकर भाजपा मण्डल मुलमुला की हुई बैठक



**मुलमुला।** भाजपा मण्डल मुलमुला के ग्राम नंदेली में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बीएलए2, बूथ अध्यक्ष और पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुलमुला मण्डल के प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का यह अभियान केवल फॉर्म भरने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने का अवसर है। सही मतदाता सूची किसी भी चुनाव में सफलता का आधार होती है। यदि एक भी समर्थक मतदाता सूची से छूट गया, तो उसका सीधा असर परिणाम पर पड़ सकता है। हर गांव, हर घर-घर जाकर लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से ना छूटे और अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में ना रहे।बसपा समर्थक ने किया भाजपा प्रवेशबहुजन समाज पार्टी समर्थक ग्राम झिलमिली के पूर्व सरपंच महेश भारती, चंदन रात्रे और ग्राम जेवरा के सामाजिक महिला कार्यकर्ता सुभद्रा यादव ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। मण्डल के प्रभारी पंकज अग्रवाल ने विधिवत भाजपा का गमछा एवं फूलमाला भेंटकर कर भाजपा में प्रवेश कराया।बैठक में भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक अनिल शर्मा, भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उद्यालिक साहू, गजानंद कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष रामपुकार कश्यप, इंदु बंजारे, बसंत साहू, मण्डल कोषाध्यक्ष किरण कुम्भकार, सोशल मीडिया के संयोजक विवेक जोगी, नंदकिशोर सिंह, धनजीत सिंह, यशवंत सिंह, चंदाराम कश्यप, राजधर सिंह, संतोष सिंह क्षत्रिय, भारत मेहर, राजकमल कुम्भकार, सविता पटेल, डामेश्वर टण्डन, लक्ष्मी यादव, जोहन कश्यप, खिलकमल कश्यप, चिंताराम कश्यप, अशोक यादव, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रांतीय महासम्मेलन 20 से



**सक्ती।** सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रांतीय महासम्मेलन आगामी 20 एवं 21 दिसंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम, सक्ती में दो दिवसीय भव्य आयोजन के रूप में होगा। सम्मेलन के समापन समारोह 21 दिसंबर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक धर्मलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, ललित चंद्राकर सहित कुर्मी समाज के सभी विधायक शामिल होंगे। आयोजन समिति के संयोजक कृष्ण कांत चंद्रा, प्रदेश महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर, ललित बघेल, अजय चंद्राकर, डाकेश्वर परगनिया सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मेलन में उपस्थित होने की सहमति प्रदान की है। महासम्मेलन का शुभारंभ 20 दिसंबर की सुबह 10 बजे चंद्रा भवन, सक्ती से निकलने वाली महिलाओं की विशाल मंगल कलश यात्रा से होगा, जो नगर भ्रमण करते हुए दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम पहुंचेगी। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और पूरे समाज में उत्साह का माहौल है। 20 दिसंबर प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रांतीय महाधिवेशन, महिलाओं की मंगल कलश यात्रा, प्रदेश संगठन, महिला, युवा एवं छात्र इकाई का प्रतिवेदन उपजाति प्रमुखों का उद्बोधन, छात्र प्रतिभा सम्मान, अतिथि स्वागत, सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट व जिला इकाइयों का प्रतिवेदनकुर्मी गौरव सम्मान, अतिथि उद्बोधन होगा। 21 दिसंबर को द्वितीय दिवस (प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक) कूर्मि सझा, युवाओं की भव्य बाइक रैली, मिलन अंक 22 का विमोचन, युवा प्रतिभा सम्मान, कुर्मी शिखर सम्मान, विवाह योग्य युवक–युवती परिचय कार्यक्रम, कूर्मिका संगठन सम्मान, अतिथि उद्बोधन होगा। संध्या व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएंगी। आयोजन समिति ने प्रदेशभर के सभी कुर्मी क्षत्रिय समाजजनों से अपील की है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाएं।

**न्यायालय- राजेश खलखो, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**नोटिस/इश्तहार**

विविध व्य. वाद क्रमांक 12/2023
प्रोसेस क्रमांक 804/25
पेशी दिनांक 17/12/25
सहोद्रा बाई... वादी
सहोद्रा बाई...प्रतिवादीगण

प्रति,
(1) मोहितराम पिता शहनी उम्र लगभग 85 वर्ष जाति पनिका साकिन भोथिया तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. (2) तिलकराम पिता रत्थू उम्र लगभग 63 वर्ष जाति गोड साकिन भोथिया तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग.

इस न्यायालय में वादी के अंतर्गत वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थाई व्यादेश हेतु वाद कीमती 300/- अंको में कीमती तीन सौ रूपये, विविध व्यवहार वाद क्रमांक 12/2023 सहोद्रा बाई विरूद्ध हेमबाई वगै. है, जिसमें आपका हित हो तो, इस प्रकरण का सुनवाई दिनांक 17/12/2025 को नियत है। जिसमें आप पेशी दिनांक 17/12/2025 करे सुबह 11:00 बजे इस न्यायलय में उपस्थित रहें या अपने किसी अभिकर्ता/अधिवक्ता को जिन्हे प्रकरण की सम्यक जानकारी हो उपस्थित रखें जो सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। यदि आप पेशी दिनांक 17/12/2025 को अनुपस्थित रहते है, तब प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**नोट:-** यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई दिनांक 17/12/2025 को सार्वजनिक अवकाश होने पर अथवा कार्य स्थगित होने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

अत: आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**(राजेश खलखो)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर, जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**
विवाह प्रकरण क्रमांक 229 /
दिनांक 18.11.2025
ग्राम- कचंदा, तहसील- जैजैपुर

आवेदक हरिवंश राय उम्र 24 वर्ष पिता श्री महादेव जाति सतनामी, निवासी ग्राम अमेराडीह, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. मुस्कान विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष पिता श्री केसर लाल विश्वकर्मा जाति विश्वकर्मा, निवासी ग्राम कचंदा, थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) **विरूद्ध** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम कचंदा तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिवंश राय उम्र 24 वर्ष पिता श्री महादेव जाति सतनामी, निवासी ग्राम अमेराडीह, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. मुस्कान विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष पिता श्री केसर लाल विश्वकर्मा जाति विश्वकर्मा, निवासी ग्राम कचंदा, थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आषयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 09.01.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया आता है कि आवेदक राजेश सिंह पिता विष्णुदयाल सिंह जाति तंवर निवासी ग्राम सरखो तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा के द्वारा ग्राम रिसदी तहसील दीपका में स्थित आवेदक के माता अनुसुईया बाई पिता पुरान सिंह पति विष्णुदयाल सिंह के नाम पर दर्ज भूमि ख.न. 95, 100, 138/2, 143, 144, 147, 148, 150, 206/1, 265/2, 265/4, 265/5, 265/7, 285, 338, 350/1, 350/2 393, 413/2 437, 438. 454, 455, 458, 480. 488. 501, 522 523 542/2, 546 कुल ख.नं. 31 कुल रकबा 2.787 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर लिये जाने से अर्जन भूमि के एवज में अपनी पुत्री सोनम सिंह तंवर, निशा सिंह एवं पुत्र संदीप कुमार तंवर को रोजगार हेतु वंशवृक्ष सत्यापन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 22/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है. नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**




TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थॅायराइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

खबर संक्षेप

## संघ शताब्दी वर्ष मनाने हिंदू सम्मेलन का होगा आयोजन



**सक्ती।** संघ शताब्दी वर्ष मानने के लिए विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन वार्ड नंबर 11 में नारायण सागर गार्डन में रविवार 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आरम्भ होगा। जिसमें घर घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजक गोविंद देवांगन, सह संयोजक संजय कश्यप, भुनेश्वर यादव, पार्षद मनोज सोनी द्वारा पत्रक का वितरण किया जा रहा। कार्यक्रम का वक्ता राजेंद्र महराज भागवत कथा वाले एवं संघ से लक्ष्मी नारायण सोनी और ब्रम्हकुमारी तुलसी बहन प्रमुख रूप से उपस्थिति रहेंगे।

## बीरभांठा में आधार कार्ड के लिए आज लगेगा शिविर

**मालखरौदा।** उप डाकघर मालखरौदा द्वारा शनिवार 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ग्राम वीरभाठा के शिव तालाब के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आधार कार्ड अपडेट, बायोमैट्रिक अपडेट तथा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का भी आधार कार्ड बनाया जाएगा। वही जिन बच्चों का उम्र 5 वर्ष से कम है उनका निशुल्क आधार कार्ड बनाया जाएगा।

## सिटी क्लब में संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से

**जांजगीर-चांप।** सिटी क्लब जांजगीर द्वारा प्रति वर्ष आयोजित की जाने वाली स्वर्गीय बहादुर लाल राठौर स्मृति संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ क्लब प्रांगण में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार 13 दिसंबर को होगा। संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 5,001 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी जांजगीर सहित संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे प्रतियोगिता रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने की संभावना है। सिटी क्लब प्रबंधन ने दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की है।

## आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**बिर्रा।** प्राकृतिक आपदा से होने वाले मृत्यु के प्रकरण में कलेक्टर ने 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की है। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम करही निवासी संतोष यादव को कुआ के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के माता श्रीमती श्यामबाई यादव पति स्व. बट्टूलाल यादव को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### निधन

## भोज राम कश्यप

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत घिवरा के प्रतिष्ठित नागरिक भोजराम कश्यप का गुरुवार 11 दिसंबर को



आकस्मिक निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। वे अपने पीछे चार लड़का एवं एक लड़की से भरा पूरा परिवार को रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### नगर पंचायत की टीम ने वसूला जुर्माना, दी सख्त चेतावनी

# बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों और व्यक्तियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर को साफ एवं सुंदर रखने के उद्देश्य से नगर पंचायत की टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कूड़ा फैलाने, थूकने और दुकान का कचरा बाहर फेंकने वालों दुकानदारों एवं व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला किया गया।

स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारते हुए बम्हनीडीह नगर पंचायत ने शुक्रवार को कठोर रुख अपनाया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राधाचरण तिवारी के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने शुक्रवार को आम बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों और व्यक्तियों पर अचानक कार्रवाई की। सीएमओ राधाचरण तिवारी ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने, थूकने, और दुकान का कचरा बाहर फेंकने वालों को रंगे हाथ पकड़ा। नगर पंचायत अधिनियम के तहत तुरंत जुर्माने की कार्रवाई की गई और उनसे मौके पर ही समन शुल्क वसूला गया। सीएमओ राधाचरण तिवारी ने बताया कि स्वच्छता को लेकर नगर पंचायत कतई समझौता नहीं करेगी। यह कार्रवाई एक कड़ी चेतावनी है। हमने आज गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों और व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया और उनसे समन शुल्क वसूला है। यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और जो भी व्यक्ति या दुकानदार सार्वजनिक संपत्ति को गंदा करेगा, उस पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब नगर पंचायत बम्हनीडीह को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नगर पंचायत ने सभी निवासियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे कूड़े को निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, अन्यथा ऐसे दंडनात्मक कदम आगे भी उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं जागरूक नागरिकों ने नगर पंचायत के इस कड़े कदम की जमकर सराहना की है।







दुकानदारों पर कार्रवाई करता नगर पंचायत का अमला।

# कांग्रेस की रीति-नीति से गांव गांव में लोगों को कराएं अवगत : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा केशरवानी मंगल भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समारोह में नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधायक ब्यास कश्यप, नवनियुक्त युवक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैदावार, दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप का पुष्प हार से स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के पश्चात उद्बोधन की कड़ी में नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राजेश अग्रवाल की नियुक्ति से कांग्रेस जनों में उत्साह का संचार हुआ है पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी के समान है। आज पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कारण ही कांग्रेस कमजोर हो रही है। कांग्रेस ब्यक्ति विशेष की पार्टी नहीं है यह एक समग्र विचार धारा है। सभी के बीच आपसी समन्वय बनाकर चलने से ही पार्टी मजबूत होगी। क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिए नीचे से लेकर ऊपर तक प्रशिक्षण देने होगा। उन्होंने कहा लोगों को कांग्रेस की रीति नीति से गांव गांव में बैठकर उन्हें अवगत कराना पड़ेगा तभी कांग्रेस का स्वर्णिम दिन आएगा। अंत में नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अपने स्वागत के लिये कार्य कर्ताओं को धन्यवाद देते हुये कहा कि अध्यक्ष के रुप आप सभी ने जो सुझाव दिया इन सभी बातों को ख्याल रखकर सभी कार्यकर्ताओं कके मान सम्मान का ध्यान रखते हुये सबको साथ लेकर कांग्रेस संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने प्रयास करुंगा। कार्यक्रम को नवनियुक्त जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व नवागढ़ आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश अग्रवाल का नवागढ़ बस स्टैंड में बैंड बाजे के साथ आतिशबाज़ी कर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस महामंत्री गोविंद केसरवानी ने किया। इस अवसर पर जांजगीर नगर पालिका के पूर्व पार्षद रामविलास राठौर, भुवनेश्वर साहू, भुवनेश्वर केसरवानी, संतोष साहू, दिलदार खान, अखिलेश महराज, जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन, संगीता यादव, अनिता साहू पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, रामनिवास पाण्डेय, दीपक साहू, राकेश चन्द्रा, अनिल गोंड़, देवकुमार पाण्डेय, रामफल कश्यप, चिंता राम कश्यप, प्रीतम सिंह राठौर, जागेश्वरी धीवर गौरव सिंह हरदीप, जे पी साहू किरीत, पार्षद रविकेशरवानी, वाजिद खान, रामकृष्ण साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



शिविर में उपस्थित लोग।

# श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ गरीब परिवार अधिक से अधिक उठाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- कमरीद में श्रम पंजीयन नवीनीकरण शिविर का हुआ आयोजन

पामगढ़। ग्राम पंचायत कमरीद के पंचायत भवन में छग शासन की महत्वकांक्षी योजना श्रम पंजीयन नवीनीकरण का शिविर लगाया गया।

शिविर में उपस्थित श्रमिक 95 नया पंजीयन, 15 पूर्व पंजीयन, 35 नवीनीकरण 10 उम्र से अधिक - 15 लोगो ने लाभ उठाया। इस शिवर के संबंध में ग्राम पंचायत कमरीद के सरपंच घासीराम चौहान ने कहा कि श्रम विभाग की योजना का लाभ गांव के गरीब मजदूर अवश्य मिले उनके साथ उनके परिवार के गरीब बच्चे को छात्रवृत्ति लाभ पंजीकृत परिवारों को आकस्मिक मृत्यु पर मुआवजा, 60 उम्र के ऊपर के वृद्ध जन को पंद्रह सौ पेंशन की सुविधा जैसे बहुत सारे लाभ श्रम विभाग के द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। सरपंच ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब परिवार अधिक से अधिक लाभ उठाएं और श्रम विभाग के पोर्टल में अपना पंजीयन अवश्य करवा। इस अवसर पर श्रम विभाग उपस्थित अधिकारी श्रीमती किरण साहू- सहायक ग्रेड 03, थालेश्वर पटेल -भृत्य, ग्राम पंचायत का कमरीद के पंच दिलहरण चौहान, सुरेश कुमार एवं लखेश्वर यादव, राजकुमार प्रजापति, मोहनलाल गौड़, लकेश्वर प्रजापति, जीवनलाल प्रजापति, रूपेश कुमार खूंटे, हरिकिशन यादव, संजय गोंड, रोजगार सहायक विवेकानंद यादव, सचिव संतराम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# साइकिल मिलने से छात्राओं की शिक्षा की राह होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी



शासकीय हाई स्कूल करनौद में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। मुख्यतिथि के रूप जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोहन कुमारी साहू शामिल हुई। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत बम्हनीडीह ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करनौद के शासकीय हाई स्कूल में शुक्रवार 12 दिसंबर को जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोहन कुमारी साहू एवं ग्राम पंचायत करनौद के सरपंच श्रीमति रेवती शैलेन्द्र डडसेना के द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यालय प्राचार्य शिव कुमार पटेल के द्वारा उपस्थित छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोहन कुमारी साहू ने कहा कि साइकिल से शिक्षा की राह आसान बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर विद्यार्थी तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई कर नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय में आने एवं निरंतर अध्ययन करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत देने और शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ये साइकिलें दी गई। इसका लाभ छात्रा को मिल रही है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवांगन, भागवताचार्य महाराज भागीरथी पाण्डेय जी, मितानिन सुनीता चौहान,विद्यालय प्राचार्य शिवकुमार कुमार पटेल, शिक्षक ओमकार सिंह पैकरा सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। अंत में आभार प्राचार्य शिवकुमार कुमार पटेल ने व्यक्त किया।

# सतनामी समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति जिला जांजगीर चाम्पा के तत्वावधान में सतनामी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को शारदा मंगलम भवन ब्लॉक कॉलोनी जांजगीर में सम्पन्न होगा।

सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति जिला जांजगीर चाम्पा के जिलाध्यक्ष सुखराम मधुकर ने बताया कि यह सम्मेलन विगत 14 वर्षों से होते आ रहा है, इस वर्ष भी 4 जनवरी को सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।आयोजन में युवक युवती एक दूसरे से अपना परिचय करते हैं, जिससे की उन्हें अपना मनचाहा जीवन साथी ढूंढने में काफी मदद मिलती है, बैठक कर यह निर्णय जिला पदाधिकारी एवं प्रमुखों द्वारा लिया गया है।




### प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# कर्म नहीं, कर्म-योग से ही मिलेगा ब्रह्म साक्षात्कार : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



स्वामी युगल शरण के हाथों आध्यात्मिक पुस्तक प्राप्त करते श्रद्धालु।

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन के 13वें दिन स्वामी युगल शरण ने कर्म मार्ग की गूढ़ चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि केवल कर्म-धर्म में उलझना आध्यात्मिक अंधकार की ओर ले जाने वाला मार्ग है।

मुण्डकोपनिषद् का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वेद स्वयं कहते हैं कर्म से मोक्ष नहीं, केवल स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसीलिए कर्म-धर्म को लक्ष्य मान लेना मुक्ति का साधन नहीं, बल्कि बंधन का कारण है। युगल शरण ने स्पष्ट किया कि संसार में चार प्रकार के कर्म नित्य, नैमित्तिक, काम्य और प्रायश्चित मिलकर कर्मकांड बनाते हैं, जिनके पालन में कठोर नियम, मंत्र-उच्चारण, शुद्ध द्रव्य, काल-देश की शर्तें आदि इतनी कठिन हैं कि कलियुग में इनका सम्यक पालन असंभव है। भले ही कोई पूर्ण विधि से इन्हें कर ले, फल केवल स्वर्ग मिलता है, जहां माया निवृत्ति संभव नहीं होती और पुण्य समाप्त होते ही जीव पुनः हीन योनि में गिरता है। इसके विपरीत कर्मयोग वह मार्ग है जिसमें शरीर से कर्म करते हुए मन निरंतर भगवान में स्थित रहता है। ऐसे कर्मयोगी की त्रुटियां भी भगवान ग्रहण नहीं करते, और अंततः उसे भगवत्प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि केवल "कर्म" निंदनीय है, जबकि "कर्म-भक्ति" वंदनीय है। उन्होंने विकर्म अर्थात मनमाने एवं पापकर्म को जीव को नरक की ओर ले जाने वाला बताया। ऐसे लोग न कर्म-धर्म का पालन करते हैं, न भक्ति करते हैं, अतः उनका उद्धार कठिन है। स्वामी युगल शरण ने यह भी समझाया कि गंगा स्नान से पाप तभी धुलेंगे जब मन भी पवित्र हो, क्योंकि पाप शरीर से नहीं, मन से उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार भगवान स्वयं कर्म करते हैं ताकि मनुष्य आदर्श ग्रहण कर सके। उन्होंने चेताया कि कर्मयोगी की नकल करने से मनुष्य कर्मी बन सकता है, पर कर्मसंन्यासी की नकल करने से विकर्मी बनने का खतरा है, क्योंकि उसके आंतरिक भक्ति-योग को कोई बाहरी आचरण से नहीं दोहरा सकता।


छ ग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं
पूर्व केंद्रीय मंत्री, हम सब के मार्गदर्शक, आदरणीय
डॉ. चरणदास महंत जी
को जन्मदिवस की
अनन्त कोटि बधाई, शुभकामनायें
Happy Birthday
डॉ. चरणदास महंत जी
छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष
श्रीमती ज्योत्सना महंत
सांसद-कोरबा लोकसभा क्षेत्र
सूरज महंत
राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक अकलतरा
राजेश अग्रवाल
अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चाम्पा
गुलजार सिंह
विधायक प्रतिनिधि
रामलाल यादव
उपाध्यक्ष- जिला कांग्रेस जांजगीर
कांति केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
श्वेता केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
देवेंन्द्र अग्रवाल
महामंत्री जिला कांग्रेस
मनोज तिवारी
महामंत्री-जिला कांग्रेस जांजगीर
प्रकाश चंद्र सोनी
वरिष्ठ कांग्रेसी खरौद
राजेन्द्र यादव
पूर्व उपाध्यक्ष-नगर पंचायत शि.ना.
गुलजीत सिंह गांधी
वरिष्ठ कांग्रेसी-शि.ना.
कमलेश यादव
विनीत : कांति केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद